भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17.12.2025

आरेडिका में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान4.0 का आयोजन आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्र के मार्गदर्शन एवं प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, वित्त सलाहकार एवं लेखाधिकारी अरविंद कुमार तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में दिनांक 01.11.2024 से 30.11.2024 के मध्य किया गया। जिसमें आरेडिका के सभी पेंशनरो में जागरुकता लाने के लिए प्रयास किया गया हैं तथा पेंशनरों को हर साल की तरह पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई जिससे वे अपने सुविधानुसार कहीं भी, किसी भी समय अपने फोन के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र सम्मिलित कर सकें।

इस कार्य को लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में तथा कर्मचारियों के प्रयास से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सका। जिसमें सभी पेंशनरों को फोन से सम्पर्क किया गया। 45 लोगों (जिसमें फैमिली पेंशनधारी भी सम्मलित हैं) का फेस स्कैन कर तथा डिजीटली सर्टिफिकेट सम्मिलित कराने की प्रक्रिया को समझाया गया। इस कैंपेन को सफलतापूर्वक जनसंपर्क में पहुचाने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण,(आधार) इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की मदद से यह संभव हो पाया है।

आरेडिका के लेखा विभाग के उप मुख्य लेखाधिकारी/सामान्य अष्ठानंद पाठक, उप वित्त एवं मुख्य लेखाधिकारी निखिल अग्रवाल, वित्त सलाहकार बिनोद कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी जितेंद्र कुमार तथा कार्मिक विभाग के सहयोग एवं प्रयासों से कार्यक्रम सफल बन सका।

(आर.एन.तिवारी) 17.12.2025
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी